तापमान
अधिकतम 34.2 डिग्री
न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, रविवार 20 जुलाई 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

14 गायत्री गौशाला में महिला मंडल ने 55 फलदार एवं ...



14 सरस्वती शिशु मंदिर में निकाली गई कांवर यात्रा



## खबर संक्षेप

### हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी से बाइक चोरी

**महासमुंद।** रमनटोला स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी से बाइक चोरी के मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को सचिन कुमार चंद्राकर ने बताया कि 13 जुलाई को उसने अपने मोटर सायकल केटीएम 200 ड्यूक क्रमांक सीजी 04 क्यूबी 3167 को अपने घर के नीचे रखा था, जिसे रात में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया। मामले में रिपोर्ट पर सिटी कोतवाली मंन अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है।

### ओडिशा ब्रांड की शराब जब्त

**महासमुंद।** ग्राम बेलडीही बोइरलामी जाने कच्ची मार्ग आम बगीचा के पास तेंदूकोना पुलिस ने एक व्यक्ति के कब्जे से ओडिशा ब्रांड की शराब को जब्त किया है। मामले में आरोपी घनाराम नायक पिता छेदीलाल नायक (52 वर्ष) निवासी वार्ड नं 06 लिलेसर चौकी बुंदेली थाना तेंदूकोना के कब्जे से 100 नग पाउच चिड़ी छाप शराब ओडिशा राज्या निर्मित, कीमत करीबन 4000 रुपए और बिक्री रकम 150 रुपए कुल रकम 4150 रुपए को जब्त कर आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### जेसीबी की टक्कर से एक घायल

**महासमुंद।** छुईहा मार्ग ग्राम फिरगी में जेसीबी की टक्कर से एक व्यक्ति घायल हो गया। मामले की रिपोर्ट तेंदूकोना थाने में दर्ज कराई गई है। पुलिस को दयाराम यादव पिता देव यादव निवासी फिरगी ने बताया कि 17 जुलाई की दोपहर करीब 01.30 बजे उसका बड़ा भाई मयाराम यादव गांव के कुमार ठाकुर के उपर खार में धान व थरहा लगाने जा रहे थे। इसी दौरान छुईहा मार्ग पर गोडधोवा के आम पेड़ के पास पानी गिरने के कारण रूके थे कि वहीं पर पीडब्लूडी रोड निर्माण के लिए जेसीबी क्रमांक सीजी 04 ए 3397 का चालक अपने वाहन को लेकर खड़ा था और जेसीबी का बूम (जिससे मिट्टी खोदा जाता है) ऊपर उठा था। इस दौरान प्रार्थी के भाई मयाराम यादव और उसका साथी मनीष चक्रधारी थे। इन दोनों ने ड्रायवर से कहा कि बूम को नीचे मत गिराना हम लोग नीचे में खड़े हैं, हम लोगों को चोट लग जाएगी, लेकिन जेसीबी चालक ने उपेक्षापूर्वक जेसीबी के बूम को अचानक गिरा दिया, जिससे उसके भाई के रीढ़ की हड्डी में चोट लगी और वह घायल हो गया। मामले में रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 125 (ए) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

# वाटरप्रूफ लिफाफों से बहनें भेजेंगी रक्षा सूत्र, डाक विभाग ने की विशेष व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

डाक विभाग भाई और बहन के बीच के स्नेह के त्योहार पर बड़ी सुविधा देने जा रही है। राखी त्योहार आगामी 9 अगस्त को परंपरागत ढंग से मनाया जाएगा। राखी पर्व समीप आने के साथ ही शहर में जगह- जगह राखी की दुकानें सजनी शुरू हो गई है वहीं डाक विभाग के द्वारा भी डाक से राखी भेजने के लिए प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी पीली पेटी और विशेष डाक पत्र के माध्यम से प्रबंध किया गया है।

महासमुंद के डाक विभाग के पोस्ट मास्टर बीके मरकाम ने बताया है कि राखी डाक के लिए विशेष पीले रंग की पेटियां लगाई गई है। इन पीली पेटियों से बहने राखियां अपने भाईयों को भेज सकेंगी। महासमुंद शहर में प्रधान डाक घर के सामने इसके अलावा तहसील कार्यालय, कलेक्ट्रेट में स्थापित की गई है। उन्होंने ने बताया कि इन पीली पेटियों में जमा होने वाली राखी डाक को तत्काल गंतव्यों के लिए रवाना करने प्रबंध किया जाएगा, ताकि भाइयों को समय पर राखी मिल सके। लाल पेटी सामान्य तौर पर सामान्य डाक के लिए होता है, मगर भारतीय डाक विभाग के द्वारा राखी के लिए हर वर्ष पीली पेटी का प्रबंध किया जाता है, ताकि बहनों को राखी भेजने में आसानी हो और डाक कर्मियों को भी क्षेत्रवार डाक की छंटनी करने में परेशानी न हो और समय पर राखी डाक गंतव्यों को भेजे जा सके। लेकिन तकनीक अपग्रेड होने की वजह से अभी 21 जुलाई तक काम बंद रहेगा। जिसके चलते लोगों को परेशानी हो सकती है। 22 जुलाई से नई तकनीक से विभाग का कार्य व्यवस्थित तरीके से चालू हो पायेगा।

## 10 रुपए में मिलेगा डाक पत्र, वितरण की गुणवत्ता बढ़ाने आईटी 2.0 की शुरुआत 22 से

### 10 रुपए का मिलेगा एक डाक पत्र

डाक विभाग से मिली जानकारी के अनुसार राखी पर्व के लिए डाक विभाग के द्वारा पीले रंग का विशेष डाक पत्र बनाया गया है। जिसकी कीमत दस रुपए रखी गई है। अभी बीते शुक्रवार को 1500 डाक पत्र विभाग में पहुंचे हैं। यह डाक पत्र वाटरप्रूफ है, इस डाक में राखी रखने के बाद स्पीड पोस्ट करने के बजाए साधारण डाक से भी भेजा जाए तो भी विभाग के द्वारा जिम्मेदारीपूर्वक समय पर इसे गंतव्यों तक पहुंचाया जाएगा, जिसकी निगरानी भी की जाएगी।




### शीघ्र लोकेशन के आधार पर वितरण 22 से

डाक विभाग के अधिकारियों ने बताया कि भारतीय डाक विभाग के द्वारा आईटी 2.0 अभियान के तहत अब डाक वितरण की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए तकनीक को अपग्रेड करते हुए लोकेशन के आधार पर डाक का वितरण कराया जाएगा इसकी शुरुआत 22 जुलाई से होगी। विभाग के अधिकारियों का कहना है कि कई बार डाक वितरण के बावजूद डाक नहीं मिलने अथवा अन्य शिकायतें बढ़ती थी। जिसके मद्देनजर डाक कर्मी अब डाक का वितरण करते समय उल्लेखित लोकेशन में जाएगे और ओटीपी के आधार पर इसकी पुष्टि करने के बाद डाक का वितरण करेंगे।

## प्रदर्शन : पूर्व मुख्यमंत्री के पुत्र चैतन्य की गिरफ्तारी के विरोध में पुतला दहन

# कांग्रेसियों ने जताया चैतन्य की गिरफ्तारी का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कांग्रेस भवन नेहरू चौक में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों द्वारा एकजुट होकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा की गई गिरफ्तारी के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया गया। इस विरोध प्रदर्शन के तहत कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार और ईडी के विरोध में नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया।

प्रदर्शनकारियों का कहना है कि यह कार्रवाई पूरी तरह से राजनीतिक द्वेष से प्रेरित है। चैतन्य की गिरफ्तारी के पीछे केंद्र सरकार की विपक्ष को दबाने की साजिश है। ईडी का इस्तेमाल केवल राजनीतिक विरोधियों को बदनाम और प्रताड़ित करने के लिए किया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी इस तरह की तानाशाही और अलोकतांत्रिक रवैये का पुरजोर विरोध करती है और चैतन्य की जल्द रिहाई की मांग करती है। यदि इस प्रकार की कार्रवाइयां जारी रहीं, तो प्रदेश भर में और भी बड़े आंदोलन किए जाएगा। पुतला दहन के पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जिस प्रकार से बिना किसी पूर्व सूचना अथवा उचित कानूनी प्रक्रिया के जबरदस्ती उठाया गया, वह न केवल संविधान की मूल भावना के विरुद्ध है, बल्कि एक लोकतांत्रिक राष्ट्र में नागरिकों के मौलिक अधिकारों का घोर उल्लंघन भी है। ईडी जैसी केंद्रीय एजेंसी का दुरुपयोग राजनैतिक द्वेष के चलते यदि जनप्रतिनिधियों और उनके परिजनों को डराने के लिए किया जाएगा, तो यह न केवल लोकतंत्र की गरिमा को ठेस पहुंचाएगा, बल्कि जनता के विश्वास को भी कमजोर करेगा। हम इस कार्रवाई की कड़ी निंदा करते है। पुतला दहन में पुलिस के साथ झूमाझटकी के पश्चात पुतला दहन में सफलता पाई।




### आंदोलन में इनकी रही मौजूदगी

आंदोलन में डॉ रश्मि चंद्राकर जिला अध्यक्ष, खिलावन बघेल पूर्व बोर्ड उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ शासन एवं शहर अध्यक्ष, ढेलू निषाद ग्रामीण अध्यक्ष, प्रमोद चंद्राकर जिलाध्यक्ष लघु वनोपज, गुरमीत चावला महामंत्री,गौरव चंद्राकर महामंत्री, वरिष्ठ कांग्रेसी राजेंद्र चंद्राकर, पार्षद सूरज नायक, युवक कांग्रेस अक्षय साकरकर, पूर्व पार्षद राजू साहू, तुलसी साहू, पूर्व एल्डरमैन सुनील चंद्राकर, जावेद चौहान, नितेंद्र बैनर्जी सेवादल, पूर्व सरपंच ब्रिजेन बंजारे, कविता तिवारी सेवादल, दशोदा ध्रुव पूर्व पार्षद, सोनम रामटेके सचिव शहर कांग्रेस, कमल प्रजापति, सचिन गायकवाड़, मेहुल सूचक, मनोहर ठाकुर, मोती साहू, गोपी पाटकर, अनुराग चंद्राकर, भरत बुंदेला, संतोष धीवर, दुष्यंत होता, सुभाष शर्मा, रवि ध्रुव, सागर डोंगरे, गज्जू ध्रुव, भानू सोनी एवं अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## डीजे बंद करने से नाराज बारातियों ने की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

डीजे बंद करने से नाच रहे नाराज बारातियों ने एक व्यक्ति से मारपीट कर दी। मामला पिथौरा थाना क्षेत्र के ग्राम डिघेपुर का है। पुलिस को मंजीत यादव ने बताया कि गांव में 18 जुलाई को उत्तम मिर्धा के घर ग्राम गांजर से बराती आये थे। इस दौरान वह डीजे वाहन में बैठा था। रास्ता संकरा होने के कारण से डीजे को बंद किया और वाहन को आगे ले गये। जैसे ही प्रार्थी डीजे गाड़ी से उतरा वैसे ही ग्राम गांजर से आये बारातियों के द्वारा हमको नाचने नहीं दे रहा है, डीजे बंद करने वाला तू कौन होता है कहकर गाली गलौज करते हुए मारपीट किया जाना लगा। रिपोर्ट पर पिथौरा थाने में आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## नहर में जा पलटी स्कूल वाहन, हादसे के समय वाहन में करीब 24 बच्चे थे सवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के बसना क्षेत्र के भंवरपुर चौकी अंतर्गत एक गांव के नहर में स्कूल वाहन के पलट जाने से हडकंप मच गया हालाकि इस हादसे में किसी बच्चे को कोई गंभीर चोट नही आई और एक बड़ा हादसा टल गया। लेकिन, लगातार हो रहे ऐसे हादसों से अब निजी शिक्षण संस्थानों पर सवाल उठने लगे हैं, कि क्या बच्चों की सुरक्षा को ताक में रखकर नियमों को दरकिनार कर निजी शिक्षण संस्थानों वाहन परिवहन किये जा रहे हैं।

मिली जानकारी के अनुसार भंवरपुर में स्थित निजी शिक्षण संस्थान अल्फा ओमेगा इंग्लिश मीडियम स्कूल में पढने वाले बच्चे स्कूल के छुट्टी होने के बाद घर जा रहे थे, इस दौरान इस वाहन में करीब 27 बच्चे उपस्थित थे, जिसमे से तीन बच्चों को पलसापाली में छोड़कर वाहन वापस पलसापाली से भंवरपुर मार्ग में अन्य गाँव बच्चों को छोड़ने हेतु जा रही थी। इस दौरान वाहन में करीब 24 बच्चे सवार थे जो नहर के पास हादसे का शिकार हो गए। इस घटना में वाहन के स्टेरिंग का फेल होना बताया जा रहा है।



# विधायक चातुरी नंद के सवाल पर मंत्री का गलत जवाब

**सरायपाली।** विधानसभा मानसून सत्र के अंतिम दिन सरायपाली विधायक चातुरी नंद के सवालों का जवाब देते हुए समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े सदन में फंसते हुए नजर आई। विधानसभा के अंतिम दिन प्रश्नकाल के दौरान सरायपाली विधायक चातुरी नंद ने तारांकित प्रश्न के माध्यम से समाज कल्याण विभाग को प्राप्त राशि और व्यय की जानकारी ली। विधायक प्रश्न के लिखित जवाब में समाज कल्याण मंत्री ने जानकारी दी कि अशासकीय संस्था फार्चून फाउंडेशन को वर्ष 2023- 24 में 21.59 लाख, वर्ष 2024-25 में 11.65 लाख, 2025-26 में 10 लाख तथा अनुदान देयक के रूप में 11.67 लाख देने की जानकारी दी। विधायक चातुरी नंद ने प्रश्नकाल के दौरान जब मंत्री से पूछा कि फॉर्चून फाउंडेशन को कितना राशि अनुदान दिया गया, जिस पर मंत्री ने मौखिक जवाब में वर्ष 2023-24 में 23.59 लाख रुपए अनुदान देने की जानकारी दी। मंत्री के जवाब पर विधायक चातुरी नंद ने आपत्ति ली और मंत्री के लिखित और मौखिक जवाब में अंतर होने पर टोकते हुए गलत जानकारी देने वाले अफसरों पर जांच करने की बात कही। विधायक नंद ने फॉर्चून फाउंडेशन को स्वीकृत राशि और उनके खर्च की भी जानकारी ली, जिस पर मंत्री ने पृथक से जानकारी



उपलब्ध कराने की बात कही। विधायक चातुरी नंद ने समाज कल्याण विभाग के मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े से जिले के अन्य समाजिक संस्थाओं सहित सरायपाली के समाजसेवी संस्था उड़ान को भी लंबी अवधि के बावजूद अनुदान नहीं मिलने की बात बताई और मंत्री से अनुदान देने का आग्रह भी किया। विधायक की मांग पर मंत्री ने जल्द स्वीकृति का आश्वासन दिया। इस संबंध में मीडिया को जारी प्रेस विज्ञप्ति में विधायक चातुरी नंद ने कहा कि समाज कल्याण विभाग में बड़े पैमाने पर एनजीओ को अनुदान देने के नाम पर बंदरबांट हो रहा है। जिसके चलते जो सेवाभावी एनजीओ हैं, उन्हें उसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। विधायक चातुरी नंद ने कहा कि समाज कल्याण विभाग द्वारा जितने भी अशासकीय संस्थाओं को अनुदान दिया जा रहा है उसमें गड़बड़ी ना हो और इसे रोका जाए और पात्र समाजसेवी संस्थाओं को अनुदान का लाभ मिले इसके लिए पारदर्शी व्यवस्था की जाए। विधायक चातुरी नंद ने कहा कि जिले के कई समाजसेवी संस्थाओं ने अनुदान देने के लिए ज्ञापन दिया है, जिसकी संपूर्ण कागजी कार्रवाई हो चुकी है। परंतु, लंबे समय से लटका कर रखा गया है जिससे समाज सेवी संस्थाओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। विदित हो कि सरायपाली विधायक चातुरी नंद जनहित से जुड़े मुद्दों को मुखरता से विधानसभा में उठा रही है। विधायक नंद ने इस मानसून सत्र में भी बड़ी ही सक्रियता के साथ जन सरोकार से जुड़े मुद्दों को उठाया है।

## बिजली न्याय आंदोलन के तहत कांग्रेस का प्रदर्शन कल

- विधायक द्वारिकाधीश यादव के नेतृत्व में 21 जुलाई को बिजली कार्यालय का होगा घेराव

**बागबाहरा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश एवं जिला कांग्रेस कमेटी के मार्गदर्शन में बिजली न्याय आंदोलन के अंतर्गत 21 जुलाई (सोमवार) को बागबाहरा बिजली कार्यालय का घेराव किया जाएगा। बढ़ती बिजली दरों और आम नागरिकों पर पड़ रहे आर्थिक बोझ के विरोध में यह जनहितैषी आंदोलन आयोजित किया जा रहा है। यह विरोध प्रदर्शन खल्लारी विधायक एवं पूर्व संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव के नेतृत्व में होगा। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त प्रभारी राजू यादव, सचिन गायकवाड़ एवं गौरव चंद्राकर विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर बागबाहरा के अध्यक्ष भूपेंद्र ठाकुर, ग्रामीण अध्यक्ष रवि निषाद तथा कोमाखान ब्लॉक अध्यक्ष संतोष पटेल ने समस्त कांग्रेस पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं आमजनों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर आंदोलन को सफल बनाने की अपील की है।



## खबर संक्षेप



### बेलसोंडा में विकास कार्यों का भूमिपूजन

**महासमुंद।** शनिवार को बेलसोंडा में कई महत्वपूर्ण विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। हुलसी चंद्राकर ने अपने जनपद पंचायत निधि के प्रथम स्वीकृत राशि का अपने कर्मभूमि बेलसोंडा में महत्वपूर्ण विकास कार्यों का शुभारंभ किया। इन कार्यों में बेलसोंडा के उचित मूल्य राशन दुकान (सोसाइटी) रोड का निर्माण, मुख्य मार्ग से गौशाला तक सीसी रोड का निर्माण शामिल है। इन कार्यों के पूर्ण होने से क्षेत्र के निवासियों को आने-जाने में आसानी होगी और दलदल की समस्या से निजात मिलेगी। बहुत दिनों से कच्ची रोड होने के कारण किचड़ दलदल रहता था। हितग्राहियों को राशन दुकान जाने आने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। गौशाला जाने में भी परेशानी होती थी, अब समस्या से निजात मिलेगी। इस अवसर पर बेलसोंडा सरपंच प्रीति धीवर, उपसरपंच कुणाल चंद्राकर, पंचगण राजू चंद्राकर, कुंती धीवर, शिव यादव, सरपंच प्रतिनिधि त्रिभुवन धीवर, रवि चंद्राकर, शीलू चंद्राकर और पंचायत सचिव नेहा उपाध्याय उपस्थित रहे। हुलसी चंद्राकर ने कहा कि वह अपने क्षेत्र के निवासियों की सेवा के लिए हमेशा तत्पर हैं और आगे भी क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगी।



# क्षेत्र में रोपा बियासी के लिए पर्याप्त बारिश नहीं, कार्य ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

सावन माह के आधे पखवाड़े बीतने

■ किसानों को अच्छी बारिश की दरकार

को है, लेकिन किसानी कार्य बियासी के लिए पर्याप्त बारिश नहीं होने से किसानी कार्य ठप पड़ा हुआ है। सुबह से तेज धूप के कारण दोपहर में गर्मी से लोग परेशान हो रहे है। बताया जाता है कि इस साल ज्यादातर किसानों ने रोपाई कम बोवाई ज्यादा किया है। वही मानसून पर निर्भर किसानों को खेती के लिए अच्छी बारिश की अवश्यकता पड़ने लगा है। आसमान पर बादल जरूर छा रही है, मगर हल्की बारिश तक सीमित है। धान पौधे को नमी बनाई हुई है। पिछले आठ दस दिनों में हुई बारिश से कुछ किसान बियासी कार्य किए है, लेकिन बारिश थमने के बाद पानी सूख गया है। कुछ किसान लइहरा प्रद्धति से धान बुआई किए, कुछ लोग की धान छोटा होने से बियासी नहीं कर पाए। अब अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे हैं।

# शासकीय भवनों का होगा जीर्णोद्धार विधायक ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



शनिवार को कोडार परियोजना अंतर्गत जल संसाधन संभाग के संभाग एवं उपसंभाग के समस्त कार्यालय भवन एवं आवासीय भवनों का जीर्णोद्धार एवं उन्नयन कार्य का भूमिपूजन कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने विधिवत भूमिपूजन कर कार्य की शुरुआत की।

बता दें कि जल संसाधन सभाग अंतर्गत कार्यालय भवन, आवासीय भवनों का निर्माण वर्ष 1975 में हुआ था। भवनों की वर्तमान स्थिति जर्जर हो चुकी है। इसलिए शासकीय कार्यों के सफल संचालन के लिए आवासीय भवनों एवं कार्यालय के भवनों का जीर्णोद्धार कराना अत्यंत आवश्यक था। कुल 2.40 करोड़ रुपए की लागत से कार्य होना है। शनिवार को कार्य का भूमिपूजन कार्यक्रम हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने की। इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि हमारी डबल इंजन की सरकार में विकास की गति तेज है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सुशासन सरकार में किसी भी वर्ग को वंचित नहीं रखा जाएगा। मजदूर, किसान, व्यापारी, सरकारी कर्मचारी सभी वर्गों के लिए कार्य हो रहे हैं। आगे कहा कि राज्य एवं केंद्र दोनों में भाजपा की सरकार होने के कारण डबल इंजन की सरकार कार्य कर रही है। पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार में केंद्र की योजनाओं का लाभ राज्य के लोगों तक पहुंचने में काफी समस्या हो रही थी। अब डबल इंजन की सरकार के चलते प्रदेश के अंतिम छोर के व्यक्ति तक एक-एक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है।

### यह रहे उपस्थित

कार्यक्रम में भाजपा नेता संदीप घोष, प्रकाश शर्मा, मुन्ना साहू, आनंद गिरी, वार्ड पार्षद विजय साव सहित अन्य नेतागण, पदाधिकारीगण, जनप्रतिनिधि सहित अन्य उपस्थित थें।

# पिथौरा नगर पंचायत को स्वच्छता में पहली बार वन स्टार की गौरवपूर्ण उपलब्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा



स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत आयोजित स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में पिथौरा नगर पंचायत ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए ऑल इंडिया स्तर पर 95वीं रैंक प्राप्त की है। इस उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए नगर पंचायत को पहली बार वन स्टार रेटिंग प्रदान की गई है, जिससे न केवल नगर का मान बढ़ा है, बल्कि क्षेत्रीय स्तर पर एक नई पहचान भी मिली है। यह सम्मान दिल्ली से आई सर्वेक्षण टीम द्वारा नगर में स्वच्छता व्यवस्थाओं, सार्वजनिक स्थानों की सफाई, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं ओडीएफ प्लस की मान्यताओं पर आधारित मूल्यांकन के बाद प्रदान किया गया। सर्वे दल स्थानीय नगर पंचायत की व्यवस्था से संतुष्ट होकर ओडीएफ श्रेणी में नगर को वन स्टार रेटिंग देने की संस्तुति की। मुख्य नगर पालिका अधिकारी बिरझू राम सोनबेरे के नेतृत्व में नगर की स्वच्छता व्यवस्था का निरंतर निगरानी, जनप्रतिनिधियों की जागरूकता, शासन-प्रशासन के निर्देशों का पालन तथा नगरवासियों की सहभागिता इस उपलब्धि के प्रमुख आधार रहे। इस रैंकिंग को लेकर स्थानीय स्तर पर हर्ष एवं गर्व की भावना देखी जा रही है। इस सफलता में जिन अधिकारियों और कर्मचारियों की विशेष भूमिका रही, उनमें शामिल हैं मुख्य नगर पालिका अधिकारी बिरझु राम सोनबेरे, नोडल अधिकारी हेमंत पिस्दा, स्वच्छता समन्वयक राजू चौधरी, सफाई दरोगा नितिन सिंह, स्वच्छता कमांडो एवं सफाई मित्रों का विशेष योगदान रहा, जिन्होंने मैदानी स्तर पर कार्य कर नगर को गौरव दिलाया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी बिरझू राम सोनबेरे ने कहा कि यह उपलब्धि समस्त नगरवासियों, जनप्रतिनिधियों, कर्मचारियों और प्रशासनिक सहयोग का सामूहिक परिणाम है। यह हम सबके लिए एक प्रेरणा है कि हम आगे और बेहतर कार्य करें एवं आने वाले वर्षों में 3 या 7 स्टार की दिशा में आगे बढ़ें। नगर पंचायत अध्यक्ष देवेश निषाद ने कहा कि कर्मचारियों की सीमित एवं अल्प संख्या के बावजूद हमारी निकाय ने यह उपलब्धि प्राप्त कर एक मिसाल पेश की है। नगर पंचायत स्वच्छता को लेकर संजीदा है। हमने प्रशासन से पाँच प्लेसमेंट कर्मचारियों की माँग की है, जिनके मिलने पर रैंकिंग में और सुधार संभव होगा।

# लंबर स्कूल में अग्र शिरोमणि संस्था ने किया मेधावी छात्रों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली




दुर्गा उच्च माध्य. विद्यालय लंबर में मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। बजाज शो रूम के संचालक मनोज जैन एवं अग्र शिरोमणि संस्था के सदस्य लक्ष्मीनारायाण द्वारा कक्षा 8 से 12वी में प्रथम स्थान अर्जित करने वालों को मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र, लेखनी, नगद राशि के साथ सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले छात्रों में कक्षा 8वी से भारती साहू, 9वी से रोशनी साहू, 10 वी से रश्मि साहू, 11वीं से सृष्टि राणा, 12वी से मनीषा साहू थे। इस अवसर पर मनोज जैन ने दानदाताओं द्वारा दिये गये सीमेंट, कुर्सी, स्वामी विवेकानंद की मूर्ति, महात्मा गांधी की मूर्ति, भारता माता की मूर्ति को देखकर अति प्रसन्न हुए एवं भविष्य में स्कूल की आवश्यकता के अनुसार सहर्ष सहयोग करने की बात कही। उनके कथनों पर स्वागत ताली के स्वागत किया गया। वे बेहद खुश हुए कि ग्रामीणों में भी बहुत ही प्रतिभावान छात्र/छात्राएं हैं, जो बिना ट्यूशन कोचिंग के इतना प्रतिशत से पास हो रहे है, यह सब स्कूल के शिक्षकों एवं उनकी खुद की मेहनत का फल है। प्राचार्य जीपी पटेल ने दोनों अतिथि का स्वागत करते हुए कहा कि हम आभार व्याक्त करते है कि आपने सम्मान के लिए हमारे विद्यालय को चुना। उस तरह के सम्मान समारोह से छात्र/छात्राओं का मनोबल बढ़ा है। कार्यक्रम में जेके जायसवाल, वीएल साडू, एमडी मानिकपुरी, एलके साहू, एसके सिदार, सीआर जायसवाल, आरआर जायसवाल, एफएस बरिहा, खिरीद सिदार आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन आरके पटेल ने किया।

# एक पेड़ मां के नाम के तहत सेजेस स्कूल परिसर वृहद पौधरोपण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना




शनिवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत मारवाड़ी युवा मंच (उन्नति शाखा) बसना एवं पीएमश्री सेजेस बसना के संयुक्त तत्वावधान में वृहद स्तर पर पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय परिसर में किया गया। यह आयोजन पर्यावरण संरक्षण एवं भावनात्मक जुड़ाव की एक मिसाल बना।

कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्राचार्य केके पुरोहित के मार्गदर्शन में हुई, जिनके नेतृत्व में विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों व शिक्षिकाओं ने उत्साहपूर्वक पौधारोपण में सहभागिता की। इस अभियान को वन विभाग बसना का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ, जिससे कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न करने में सहायता मिली। कार्यक्रम में सुमित अग्रवाल अध्यक्ष मारवाड़ी युवा मंच बसना, राजकुमार अग्रवाल प्रांतीय उपाध्यक्ष, हेमंत अग्रवाल सचिव, राकेश अग्रवाल कोषाध्यक्ष, श्वेता अग्रवाल, शालिनी अग्रवाल, रीना अग्रवाल सदस्य, शीत गुप्ता उपाध्यक्ष नगर पंचायत बसना, एसआर निराला रेंजर वन विभाग, बैजनाथ बारीक डिप्टी रेंजर, कुंदन पटेल वनरक्षक, विद्यालय के विद्यार्थियों ने पौधारोपण करते हुए संकल्प लिया कि वे इन पेड़ों की देखरेख करेंगे और पर्यावरण संरक्षण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएंगे। प्राचार्य केके पुरोहित ने सभी सहयोगियों व अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एक वृक्ष केवल पर्यावरण की सुरक्षा नहीं करता, बल्कि यह भविष्य की पीढ़ियों को जीवन देने वाला अमूल्य उपहार है। मातृप्रेम से जोड़कर किया गया यह अभियान और भी प्रेरणादायक बन गया है।

### बालवाटिका में चयन प्रक्रिया हुआ, 30 बच्चों को मिला प्रवेश

**बसना।** छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार पीएमश्री सेजेस बसना में बालवाटिका (प्री-प्राइमरी) कक्षा में प्रवेश के लिए लाटरी प्रणाली से चयन प्रक्रिया का आयोजन गरिमामयी एवं पारदर्शी तरीके से किया गया। शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए आयोजित इस प्रक्रिया के अंतर्गत 15 बालक एवं 15 बालिकाओं कुल 30 बच्चों का चयन 14 जुलाई को विद्यालय परिसर में हुआ।लाटरी प्रक्रिया विद्यालय प्रबंधन द्वारा पालकों की उपस्थिति में पूर्ण ईमानदारी से कराई गई, जिससे अभिभावकों में प्रसन्नता और विश्वास का वातावरण देखा गया। प्रवेश प्रक्रिया का संचालन प्रधानाचार्य केके पुरोहित के मार्गदर्शन में हुआ। उन्होंने सभी चयनित बच्चों और उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए आवश्यक दस्तावेज नियत समय में प्रस्तुत करने का अनुरोध किया। साथ ही यह भी आग्रह किया कि बच्चे नियमित रूप से विद्यालय आएं, जिससे उनकी प्रारंभिक शिक्षा की नींव मजबूत हो सके। इस अवसर पर विद्यालय में उत्सव जैसा माहौल रहा। पालकों ने विद्यालय की पारदर्शी चयन प्रणाली और व्यवस्थित प्रक्रिया की खुले दिल से सराहना की। विद्यालय परिवार ने भी नवप्रवेशित बच्चों का उत्साहपूर्वक स्वागत किया।

# पौधरोपण कर लिया गया सुरक्षा का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा



छग शासन की महति योजना मिया वाकी माईक्रो फॉरेस्ट योजनांतर्गत नगरपालिका परिषद् बागबाहरा एवं ऑर्ट ऑफ लिविंग परिवार बागबाहरा के संयुक्त तत्वाधान में बागबाहरा नगर के वार्ड क्र. 11 मुक्तिधाम, बाजारपारा एवं वार्ड क्र. 12, मुक्तिधाम, तेंदूलोथा में पौधारोपण किया गया। जिसमें 400 नग पौधरोपण किया गया। उक्त आयोजन में ऑर्ट ऑफ लिविंग परिवार के सदस्यों द्वारा रोपित किये गये पौधों का 02 वर्ष तक संरक्षण करने के लिए संकल्प लिया गया।

इस आयोजन में खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल अध्यक्ष नगरपालिका परिषद्, देवेश साहू उपाध्यक्ष नगर पालिका, सविता दीवान, पार्षद वार्ड क्र. 01, रमेश ठाकुर पार्षद वार्ड क्र.06, मेनका पोखराज साहू पार्षद वार्ड क्र. 08, प्रेम साहू पार्षद वार्ड क्र. 11, श्यामा लोकू चंद्राकर पार्षद, वार्ड क्र. 12 आर्ट ऑफ लिविंग परिवार बागबाहरा के सदस्यगण पोखराज साहू, लोकेश्वर चंद्राकर एवं अन्य गणमान्य नागरिक एवं गिरीश चंद्रा मुख्य नगरपालिका अधिकारी, शशिप्रताप सिंह उप अभियंता एवं अन्य नगरपालिका के कर्मचारी भी उपस्थित रहें।

## मनोरोग, नशामुक्ति एवं यौन रोग जांच आज

**महासमुंद।** स्थानीय महासमुंद मेडिकल स्टोर्स में 20 जुलाई रविवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक मनोरोग, नशा मुक्ति एवं यौन रोग की जांच की जाएगी। इसमें डॉ. अभिषेक गुप्ता एमबीबीएस, एमडी अपनी सेवाएं देंगे। जांच में मानसिक रोग जैसे- अवसाद, घबराहट, बेचैनी, सरदर्द, तनाव, चिड़चिड़ाहट, नींद ना आना, डर लगना, बेवजह शक करना, बार-बार हाथ धोना या बात दोहराना, झटके, चक्कर या बेहोशी आना, याददाश्त में कमजोरी आना, रास्ते, नाम इत्यादि भूल जाना बहुत ज्यादा बोलना, मारपीट करना, बेवजह पैसे खर्च करना या वस्तुओं का नुकसान करना, नशे की लत जैसे दारु, गांजा, भांग, चरस, स्मैक, तंबाखू, गुटखा इत्यादि, सेक्स संबंधित समस्या जैसे शीघ्र पतन, लिंग में शिथिलता या कमजोरी, धात रोग, बच्चों का ज्यादा चंचल होना, गुस्सा करना, पढ़ाई में समस्या, सामान्य से अधिक या कम खाना, बोलने में समस्या जैसे बीमारियों के बारे में परामर्श ले सकते हैं। मानसिक एवं मनोरोग विशेषज्ञ प्रत्येक माह के चौथे मंगलवार को उपलब्ध रहेंगे।

# छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट की सख्ती के बावजूद सड़क पर डटे हैं मवेशी

**झलप।** पशुओं को लेकर हाईकोर्ट ने राज्य शासन को मवेशियों के उचित प्रबंधन का आदेश दिया है। इसके बावजूद शासन, प्रशासन लापरवाही बरत रही है। झलप में नेशनल हाईवे पर मवेशियों का जमावड़ा लगा रहता है, स्थानीय पंचायत स्तर पर कांजी हाउस नहीं होने और कांग्रेस शासन में शुरू हुए गौठानों के बंद होने से किसानों की हालत बदतर होती जा रही है, दिन में किसान अपने खेतों की रखवाली तो कर लेते है लेकिन रात या अल सुबह मवेशी खेतों में घुसकर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे है, और जो मवेशी सड़कों पर है वे दुर्घटना के कारण बन रहे हैं।



समीपस्थ टोल प्लाजा के प्रबंधन के द्वारा दो दिन पहले करीब 500 के लगभग मवेशियों के गले में रेडियम रिफ्लेक्टिंग बेल्ट लगाया गया था, हैरानी की बात यह है कि उसमें से कई मवेशियों के गले से ये बेल्ट गायब हो चुके है, क्षेत्र के नामवर गौ सेवक राजा अग्रवाल से बातचीत में उन्होंने कहा कि पिथौरा के गौ शाला प्रबंधकों से संपर्क किया गया है कि इन आवारा पशुओं को वो अपने गौशाला में रखें।

# पिथौरा जुआ मामलाः 3 लोगों की जमानत याचिका पर होगी हाईकोर्ट में सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के पिथौरा थाना क्षेत्र के उजाला पैलेस में 30 जून की रात पुलिस ने छापामार कार्रवाई कर पकड़े गए आरोपियों में 3 लोगों की जमानत अब तक नही हो पाई है। जिला एवं सत्र न्यायालय में गोविंद शर्मा, अमरदीप व अमरप्रीत सिंह को छोड़ अन्य सभी की जमानत याचिका स्वीकार की जिसके बाद अब 3 आरोपियों ने हाईकोर्ट में जमानत की अर्जी लगाई है जिसकी सुनवाई 21 व 22 जुलाई को होगी। बता दें कि इस मामले में हुई छापामार कार्रवाई के बाद पिथौरा के उजाला पैलेस में जुआरियों को धर दबोचा। जिसमें से जुआ खेलने के लिए आमंत्रित करने और जुआ के लिए जगह उपलब्ध कराने के संगठित अपराध में लिप्त 3 लोग गोविन्द शर्मा पिता जीवनराम शर्मा, अमरप्रीत सिंह पिता हरमिन्दर सिंह व अमरदीप सिंह पिता हरमिन्दर सिंह बीएनएस की धारा 111 व 112 के तहत अब भी जेल में हैं। मामले में पुलिस अफसरों का कहना है कि मामले में जांच जारी है। और हाईकोर्ट से डायरी की मांग हुई है।

उजाला पैलेस के संचालक अमरदीप सिंह सलूजा उर्फ राम तथा अमरप्रीत सिंह सलूजा उर्फ लक्ष्मण हैं। जिनके द्वारा उजाला पैलेस में गोविंद शर्मा के द्वारा अन्य अभियुक्तगणों को योजनाबद्घ तरीके से जुआ खेलने के प्रयोजन से बुलाकर संगठित रूप से जुआ संचालन करवाया जा रहा था, जो कि प्रकरण के मुख्य आरोपीगण हैं।



**संगठित अपराध और योजनाबध्द तरीके से जुआ खेलने बुलाने के चलते शेषन कोर्ट में हुआ खारिज**

### सख्त हो गया है जुए का कानून

पहले सड़क मार्ग पर जुआ खेलते पकड़े जाने पर 100 रुपए का जुर्माना या 4 महीने की जेल होती थी। अब, 6 महीने की सजा एवं तीन से दस हजार रुपए तक का जुर्माना देना होगा। जुआ घर स्वामी होने पर में पहली बार में 6 माह की जेल या एक हजार रुपए जुर्माना था। अब, तीन साल तक की सजा और 50 हजार रुपए तक का जुर्माना देना होगा। बार-बार पकड़े जाने पर एक साल की जेल और दो हजार रुपए तक जुर्माना लगता था। अब, दो से पांच साल तक की जेल होगी और जुर्माना एक लाख लगेगा। जुआ घर में खेलते हुए पकड़े जाने पर 500 रुपए का जुर्माना या 4 माह की जेल थी। अब, 6 माह की जेल और 10 हजार रुपए जुर्माना कर दिया गया है। मटका जुआ/सट्टा खेलते पकड़े जाने पर 6 माह की जेल और एक हजार रुपए जुर्माना था। अब, तीन साल तक की जेल और 10 हजार से एक लाख रुपए तक जुर्माना लगेगा। बार-बार पकड़े जाने पर एक साल तक की जेल और 50 हजार रुपए जुर्माना था। अब, पांच साल तक की जेल और पांच लाख रुपए तक का जुर्माना लगेगा।



### संकुल केंद्र में शिक्षकों का हुआ विदाई समारोह

**सरायपाली।** विकासखंड में युक्तियुक्तकरण से प्रभावित शिक्षकों के लिए संकुल केंद्र बहेरापाली में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें शासकीय प्राथमिक शाला आवलाचक्का में पूर्व में पदस्थ शिक्षक राजकुमार पोर्ते एवं शासकीय प्राथमिक शाला लक्ष्मीपुर में पदस्थ शिक्षक लक्ष्मण चौधरी तथा शिक्षिका जागृति प्रधान को संकुल केंद्र की ओर से विदाई दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संकुल प्राचार्य शिक्षकों पालेश्वर, अध्यक्षता सोनूराम चंद्रवंशी एवं विशिष्ट अतिथि जागृत प्रधान एवं राजकुमार पोर्ते रहे। संकुल समन्वयक ऋषि प्रधान ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए कहा कि संकुल केंद्र बहेरापाली में पदस्थ रहते हुए जिस तरह से सेवा उन्होंने प्रदान किया है उसी तरह नवीन शाला में भी कार्य करते हुए शाला को आगे ले जाने के लिए प्रेरित किया। शिक्षकों का स्वागत पुष्प गुच्छ भेंट कर, गुलाल लगाकर एवं साल श्रीफल, पेन, डायरी भेंट कर किया गया। कार्यक्रम में मांझीलाल यादव, शनीराम सिदार, अंजना भोई, रीता नाग, पद्मा पटेल, गजेंद्र सिंह नेताम, प्रदीप पटेल, पंकजनी सेठ, प्रेम बघेल, फागुलाल सिदार, रमेश पैकरा, नोहरसिंह बुडेक, गिरधारी भोई, लोमस सिदार एवं जयंती गढ़तिया आदि मौजूद रहे। आभार प्रदर्शन नेमीचंद भोई ने किया।

स्थापना वर्ष 2014
आइये मेडिकल के क्षेत्र में अपना भविष्य बनायें...
विजन पैरामेडिकल
INFORMATION | CAREER GUIDANCE | ADMISSION
COUNSELING & COACHING CENTER
प्रवेश प्रारंभ
गुणवत्ता युक्त एवं विश्वसनीय सेंटर
सभी पाठ्यक्रम छत्तीसगढ़ में नौकरी एवं रजिस्ट्रेशन हेतु मान्य है।
मो.: 9340751120, 9131330801, 7869622725
गर्ल्स हॉस्टल सुविधा उपलब्ध
योग्यता - 12वीं (जीव विज्ञान)
COURSES
BACHELOR IN MED.LAB.TECHNICIAN - 3 Years
DIPLOMA IN MED.LAB.TECHNICIAN - 2 Years
DIPLOMA IN AYURVEDIC PHARMACY - 2 Years
DIPLOMA IN X-RAY TECHNICIAN - 2 Years
DIPLOMA IN OPTHELMIC TECHNICIAN - 2 Years
CERTIFICATE IN OT TECHNICIAN - 1 Years
पता : राछाभाठा (नवागढ़) जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.), कोबिया सृजन ITI के पीछे, बेमेतरा (छ.ग.)

# अच्छी फसल की उम्मीद के साथ रोपाई के काम में जुटे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली (ग्रामीण)

क्षेत्र में अच्छी बारिश होने से खेती किसानी

■ सोसाइटियों में खाद की किल्लत किसानों को बढ़ी परेशानी

का कार्य जोरों पर चल रहा है। किसान इन दिनों रोपाई के कार्यों में जुटे हुए हैं। जिन किसानों ने पहले धान की बोवाई की है उनकी फसल अब बियासी के लायक हो चुकी है। मगर बैल नांगर न होने के कारण से बियासी का काम नहीं हो पा रहा है। जिन किसानों ने रोपा के लिए नर्सरी तैयार कर लिए हैं उनके खेतों में रोपाई का काम युद्धस्तर पर चल रहा है। मगर लगातार बारिश होने के कारण से खेतों से पानी निकासी एक गंभीर समस्या बन गई है। किसानों का कहना है कि इस समय बारिश आवश्यकता से ज्यादा हो रही है। कई खेतों में लबालब पानी भर जाने के कारण से रोपाई कार्य बाधित हो रहा है।

किसानों को इन दिनों डीएपी खाद की सख्त आवश्यकता है, मगर सहकारी समिति एवं कृषि सेवा केंद्रों में पर्याप्त मात्रा में डीएपी खाद नहीं मिल पाने के कारण से खेतों में खाद का छिड़काव नहीं कर पा रहे हैं। जबकि, रोपाई के समय डीएपी खाद की सख्त जरूरत पड़ रही है। किसानों को खुले मार्केट में ऊंची कीमत चुकाकर डीएपी खरीदना पड़ रहा है। इधर, कृषि विभाग की छापेमारी के चलते कई कृषि सेवा केंद्रों ने खाद बेचना ही बंद कर दिया है। किसानों का कहना है कि यदि समय पर खाद का छिड़काव नहीं किया तो धान के पौधों में अपेक्षित वृद्धि नहीं हो पाएगी, जिससे धान का उत्पादन प्रभावित होना स्वाभाविक है।



### अच्छी फसल की उम्मीद

इस साल अच्छी बारिश होने से किसानों को अच्छी फसल होने की उम्मीद है। पिछले वर्ष जुलाई महीने में ठीक से बारिश नहीं होने के कारण रोपाई का काम अटका हुआ था, मगर इस बार अच्छी बारिश होने से किसानों के लिए रोपाई के लिए अच्छा समय मिल जा रहा है। अब तक खेतों में ट्यूबवेल से सिंचाई करने की आवश्यकता भी नहीं पड़ रही है। किसानों का कहना है कि इस बार मजदूरों की समस्या तो नहीं मगर रुपए के लिए मजदूरी काफी बढ़ गया है। प्रति एकड़ 6 से 7 हजार रुपए तक रोपाई कार्य के लिए देना पड़ रहा है। मजदूरी बढ़ाने के कारण से किसान रोपाई की वजह बुवाई की ओर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं। हर गांव में 20 से 25 प्रतिशत ही रोपाई का कार्य कर रहे हैं।

## समस्या : रेलवे ने लाखों खर्च कर शेड निर्माण कराया, नहीं सुधरी स्थिति

# बीकेबाहरा में रेलवे अंडरब्रिज में शेड निर्माण के बाद नहीं मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खल्लारी

ग्राम पंचायत बीकेबाहरा में सड़क मार्ग किनारे

■ बारिश के बाद अंडरब्रिज में भरा 3-4 फीट पानी, राहगीरों की बढ़ी मुसीबत

रेलवे ट्रेक के नीचे से भुंजिया पारा जाने के लिए अंडरब्रिज बना है, जो अंडरब्रिज बारिश के दिनों में पटरीपार लोगों के मुश्किलों को बढ़ा देता था। फिर लोगों का आना जाना जान जोखिम में डाल कर रेलवे ट्रैक के ऊपर से होता था। इस समस्याओं को देखते हुए रेल्वे विभाग ने इस बार अंडरब्रिज में पानी न भरे इस समस्याओं के समाधान के लिए कई लाखों रुपए का अभी हाल ही में शेड निर्माण कराया है। किंतु, इसका फायदा आमजनों व इस पार से उस पार आने जाने वालों को नहीं मिल रहा है। बता दें कि शुक्रवार 18 जुलाई को दोपहर में एक घंटे के झमाझम बारिश से अंडर



ब्रिज में तीन से चार फीट पानी भर गया है। जबकि, इस अंडर ब्रिज में हाल में काफी बड़ा सेट निर्माण का काम पूरा हुआ है।

बता दें कि राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 353 में स्थित गौरव ग्राम बीकेबाहरा से होकर संबलपुर की ओर जाने वाली यह रेलवे ट्रेक है। जहां एक जगह ग्रामीणों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे विभाग ने अंडरब्रिज भी बनाया है। किंतु, हर बारिश के दिनों में अधिक बारिश के चलते अंडरब्रिज में 4-5 फीट भारी पानी कई दिनों तक भर जाता था। वहीं अंडरब्रिज में पानी भराव के कारण पटरीपार (भुंजिया पारा) के उस पार के लोगों का आवागमन बाधित हो जाता था। बरसात के दिनों में हमेशा कि तरह पुनः यह समस्या न हो कह कर रेलवे विभाग ने लाखों खर्च कर अंडरब्रिज में सेट निर्माण कराया है। फिर भी स्थिति जस के तस है। अंडरब्रिज में पूरी तरह से तीन से चार फीट लबालब पानी नजर आ रहे थे।

### बीकेबाहरा की आधी आबादी पटरी पार, लोग जान जोखिम डाल करते है रेलवे ट्रेक पार

बीकेबाहरा के ग्रामीण अपनी जरूरत के लिए इसी अंडरब्रिज से होके अपने खेतों में खेती किसानी के कार्य व ग्राम पंचायत कार्यालय, आंगनबाडी केंद्र, गौठान, चारागाह, उद्यानिकी विभाग प्लांटेशन आदि प्रमुख स्थल के अलावा इस मार्ग से कम दूरी के सफर तय कर घुंचापाली के चंडी माता मंदिर, जुनवानीकला, मजराही, जामगांव रैताल आदि जगहों के लिए भी यह सड़क मार्ग है, जो कि अंडरब्रिज के बाद से यह पूरा मार्ग प्रधानमंत्री सड़क मार्ग में आता है। ग्राम पंचायत बीकेबाहरा मुख्यालय की आधी आबादी यहां पटरी पार के उस पार भुंजिया पारा में निवासरत हैं। जब अंडरब्रिज में भारी पानी भराव होती है, तो ग्रामीण सहित स्कूली बच्चे भी अपने जान जोखिम में डाल रेलवे ट्रेक पार करने मजबूर रहते हैं। जबकि, यह रेलवे लाइन, डबल लाईन के साथ काफी व्यस्ततम रेलवे मार्गों में से है। वहीं यह रेलवे लाई रायपुर-विशाखापटनम रूट है, जो कि संबलपुर डिवीजन में आता है।

# प्रधान पाठक कई दिनों से नदारद, बीईओ ने जारी किया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

शिक्षा के क्षेत्र में कसावट लाने के लिए शासन कई प्रकार की योजनाओं को लागू कर रही है और शाला स्तर पर भी बेहतर प्रबंधन के लिए शासन की ओर से कई तरह के प्रयास किये जा रहे हैं। लेकिन, आज भी कुछ शिक्षकों की मनमानी के कारण बच्चों का भविष्य अधर में दिखाई देता है। ऐसा ही कुछ मामला शासकीय प्राथमिक शाला अमलडीह में देखा गया, जहां शाला के मुखिया प्रधान पाठक ही कई दिनों से बिना किसी सूचना के नदारद हैं। कई दिनों के बाद सोशल मीडिया में यह मामला सामने आया, तब आनन फानन में बीईओ के द्वारा इसकी जांच करवाई गई और उक्त प्रधान पाठक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

मिली जानकारी अनुसार शासकीय प्राथमिक शाला अमलडीह में प्रधानपाठक नुरपोलाल भोई एवं एक शिक्षक पदस्थ हैं। विगत 16 जून से नया शिक्षा सत्र प्रारंभ हुआ है, जिसके बाद कुछ दिनों तक शिक्षक भोई शाला पहुंचे और उसके बाद 10 दिनों का अर्जित अवकाश लेकर छुट्टी पर चले गए। उक्त अवधि पूरी होने के बाद उन्हें पुनः शाला पहुंचना था, लेकिन लगभग 15 दिन बीत जाने के बाद उन्होंने अभी तक शाला में ज्वाइनिंग नहीं दी है। वे न तो शाला पहुंच रहे हैं और न ही शाला नहीं आने के लिए किसी को सूचना दे रहे हैं। उनके इस प्रकार के मनमाने रवैये से शाला का संचालन भी बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। एक अकेले शिक्षक के भरोसे शाला का संचालन हो रहा है, जिसके कारण




कई प्रकार की अव्यवस्थाएं सामने आ रही है। वहीं बच्चों के अभिभावकों में भी खासी नाराजगी देखी जा रही है। प्रधान पाठक के नदारद होने की बात कई दिनों के बाद जब सोशल मीडिया में उछली, तब बीईओ प्रकाश चंद्र मांझी द्वारा संकुल प्राचार्य एवं संकुल समन्वयक को जांच के लिए अमलडीह भेजा गया। जाँच में उक्त शिकायत सही पाई गई, जिससे बीईओ के द्वारा शिक्षक भोई को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

# बिजली कटौती और बढ़ते बिलों के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन, राज्यपाल के नाम सौंपा गया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भंवरपुर

क्षेत्र में लगातार हो रही बिजली कटौती और बढ़ते बिजली बिलों को लेकर आम जनता में गुस्सा है। इसी मुद्दे को लेकर शुक्रवार 18 जुलाई को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भंवरपुर के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भंवरपुर बिजली कार्यालय का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसियों ने राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और बिजली व्यवस्था की बदहाली के लिए सरकार को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार आम जनता को राहत देने के बजाय बिजली दरों में लगातार बढ़ोतरी कर रही है, जिससे गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों पर आर्थिक



बोझ बढ़ता जा रहा है। वहीं, घंटों तक बिजली कटौती से किसान सहित आम लोग का जनजीवन प्रभावित हो रहा है।

प्रदर्शनकारियों ने राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन विद्युत विभाग को सौंपते हुए बिजली संकट के शीघ्र समाधान के साथ ही बिजली के बढ़े दामों को वापस लेने की मांग की। ज्ञापन में स्पष्ट किया गया है कि यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो कांग्रेस कार्यकर्ता उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे। प्रदर्शन के दौरान ब्लॉक कांग्रेस भंवरपुर के पदाधिकारी और भारी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे।

# बीकेबाहरा स्कूल में परिसर में किया गया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

भारत स्काउट गाइड संघ बागबाहरा द्वारा शाउमावि बीकेबाहरा में पौधरोपण कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर अपने व्यक्तव्य में सेवानिवृत्त शिक्षक रूपेश तिवारी ने कहा कि बेशक पौधे लगाना नेक काम है। लेकिन सिर्फ़ पौधा लगाना ही काफ़ी नहीं है। पौधे की समुचित देखभाल भी की जानी चाहिए, ताकि वे वृक्ष बन सकें। और पर्यावरण का संदेश बच्चों से सासे हो रही है कम वृक्ष लगाए हम, का नारा लगवाए।

विकासखंड शिक्षाधिकारी केके वर्मा ने कहा कि पर्यावरण से हमारा जीवन सुरक्षित है, अब जनमानस में पर्यावरण के प्रति जागरूकता आ रही है। लोग अब पेड़-पौधों की अहमियत को समझने लगे हैं। संस्था



के अध्यक्ष पंकज हरपाल ने संस्था के गतिविधियों के साथ साथ आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डाला, जागरुकता ही पर्यावरण बचाने के एक अच्छा संदेश है। गत वषो में आक्सीजन की कमी ने पेड़ पौधों के महत्व को विशेष रूप से समझा दिया है कि दैनिक जीवन में कैसे उपयोगी है। इस कार्यक्रम का संचालन संस्था के सचिव शेषनारायण साहू व आभार संस्था के प्राचार्य अंकित चंद्राकर ने किया।

इस अवसर पर स्काउट गाइड आयुक्त ब्लाक शिक्षा अधिकारीके के वर्मा, आयुक्त गाइड पूरी हरपाल,जिला स्काउट गाइड संघ उपाध्यक्ष अशोक अग्रवाल, जनपत सदस्य बलराम ध्रुव, संघ के ब्लाक उपाध्यक्षगण राजेश सोनी, देवेश साहू, निर्मला देवांगन, श्यामा चंद्राकर, मदन देवांगन, दानवीर शर्मा, लोकेश्वर चंद्राकर, गिरीश पटेल, योगेश गंडेचा, वरिष्ठ स्काउटर अरुण कोसे, कोषाध्यक्ष भूषण लाल साहू, पूर्व सचिव भीमसेन चंद्राकर, व्यास नारायण बंजारे, मनोज दीवान, सतीश देवांगन, गगन तोंडेकर, डिगेश्वर साहू, चंद्रकांता महिलवार, भगवंतीन निराला, वीर शिवाजी ओपन रोवर क्रू एवं शाउमाशा बीकेबाहरा के स्टाफ यामनी साहू, हरिशंकर हिरवानी, अजय चंद्राकर, धनेश्वरी चंद्राकर, योगिता कुरुवंशी, रमेश गिरी, दिव्या साहू, सुनीता साहू आदि मौजूद रहे।

# छत्तीसगढ़ का एक-एक किसान, सियान, जवान, माताएं भूपेश के साथः अंकित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कांग्रेसी नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि 2022 से छत्तीसगढ़ में जब से ईडी सक्रिय हुई है तब से लेकर आज तक लगभग 650 से ज्यादा छापे मार चुकी है और आज 3 साल पश्चात भी हम दो हमारे दो को खुश करने के लिए मार चुकी है और आज तक कुछ भी सिद्ध नहीं कर पाई है और सिर्फ और सिर्फ विपक्षी नेताओं को झुकाने, डराने और सच की आवाज को रोकने का प्रपंच भाजपा की डबल इंजन सरकार कर रही है।

वर्तमान भाजपा का एक ही नारा है झीरम में मारा नाम पूछकर, पहलगाम में मारा जात पूछकर और इस सरकार में एफआईआर होगी पार्टी पूछकर। अंकित ने कहा कि पिछली बार भी उनके जन्मदिन पर ईडी आई थी और आज उनके बेटे का जन्मदिन है, आज भी ईडी आई है। आज विधानसभा में तमनार के पेड़ों की कटाई का मामला उठना है और अपने मलिक को खुश करने के लिए मोदी और शाह ने ईडी को भूपेश बघेल के घर भेज दिया है। अंकित ने कहा कि भूपेश बघेल ना डरने वाले नहीं हैं और न ही तो झुकने वाले हैं, वे कितना भी ताकत लगा लें, भूपेश बघेल न टूटेगा और न झुकेगा. सत्य की लड़ाई लड़ेंगे। अंकित ने कहा कि पहले कवासी लखमा को टारगेट किया, देवेंद्र यादव को टारगेट किया और अब वे बघेल के बेटे को निशाना बना रहे हैं, ताकि कोई अडानी के खिलाफ आवाज न उठा सके। पूरे प्रदेश में हसदेव और तमनार पूरे बस्तर और ना जाने



कहां कहां अपने व्यापारी मित्रों के लिए लाखों पेड़ काटे जा रहे हैं और सिर्फ दिखाने के लिए एक पेड़ मां के नाम और सारा जंगल .अपने मित्रों के नाम कर रहे हैं। इस बार की विधानसभा सत्र में पूरी कांग्रेस पार्टी ने घोटालों, किसानों की समस्याओं, रेत माफिया, चाकूबाजी, अपराधों और तमनार में पेड़ों की अंधाधुंध कटाई के खिलाफ मामले उठाए, जिससे झल्ला कर भाजपा ने ये कदम उठाया है और हद तो तब हो गई की व्यक्तिगत दुर्भावना से ग्रसित हो कांग्रेस की मुखर आवाज भूपेश बघेल को दबाने उनके बेटे चैतन्य बघेल को उसके जन्मदिन पर गिरफ्तार किया गया है, जिसकी जितनी निंदा की जाए कम है। अंकित ने कहा कि पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश का युवा, किसान, सियान और महिलाएं भूपेश बघेल के साथ उनके परिवार के साथ और चैतन्य बघेल के साथ खड़े हैं। भाजपा के इशारे पर ईडी के इस कृत्य के खिलाफ बागबाहरा में ईडी,मोदी, अडानी का पुतला जलाया गया। इस कार्यक्रम में अभिषेक यादव, वीरु शुक्ला, राजू यादव, राजा कोहली, सोनू सहिस, राजा दुवा, तरुण निषाद, गोरे तांडी, नवीन चंद्राकर, प्रखर चंद्राकर, टुकेश, राहुल नायक, दुर्गेश, नेमी चंद्राकर, भारत दीवान सहित बड़ी संख्या में युवाजन उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### देश को विकास की ओर ले जा रहे मोदी : गायत्री



**महासमुंद**। ग्राम खरोरा के गायत्री चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 को भारत के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली और वे भारत देश के प्रधानमंत्री पहले बने, जिनका जन्म आजादी के बाद हुआ है। ऊर्जावान, समर्पित एवं दृढ़ निश्चय वाले नरेंद्र मोदी एक अरब से अधिक भारतीयों की आकांक्षाओं और आशाओं के द्योतक हैं। मेहनती, लगनशील और जुझारू नरेंद्र मोदी करोड़ों भारतीयों की उम्मीदों का चेहरा हैं, जब से उन्होंने प्रधानमंत्री पद संभाला है, तब से देश को उस विकास की ओर ले जाने के लिए अग्रसर हैं। जहां हर देशवासी अपनी आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा कर सके। प्रधानमंत्री अंत्योदय के विचार से काफी प्रेरित है।

### नरतोरा में पानी टैंकर प्रदाय

**झलप**। जनपद सदस्य सुषमा राकेश टंडन द्वारा विकास निधि वर्ष 2025-26 से ग्राम पंचायत नरतोरा को पानी टैंकर प्रदान किया गया। यह कार्यक्रम ग्राम पंचायत नरतोरा में सरपंच जीतराम पटेल, उपसरपंच राजेंद्र दीवान, पंच मयाराम टंडन एवं ग्राम के नागरिकों की उपस्थिति में हुआ। सुषमा राकेश टंडन ने कहा कि आने वाले समय में भी इसी तरह से योजनाओं का लाभ ग्राम पंचायत नरतोरा एवं अन्य पंचायतों में भी मिलता रहेगा, यह मैं आश्वस्त करती हूं।

### गांड़ा समाज का निर्वाचन आज

**भंवरपुर**। छत्तीसगढ़ प्रदेश गांड़ा समाज विकासखंड बसना के ब्लॉक पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी का आगामी 20 जुलाई को निर्वाचन होना है। उक्त चुनाव राजीव गांधी सेवा भवन भूकेल में होगा। जिसमें ब्लॉक अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष का निर्वाचन होना है तथा उपाध्यक्ष, सह सचिव, उप कोषाध्यक्ष, संरक्षक मनोनीत किया जाना है। उक्त चुनाव कार्यक्रम में मुख्य निर्वाचन अधिकारी मोहन कुलदीप रहेंगे।

### तिल्केश्वर महादेव का जलाभिषेक 22 को

**महासमुंद**। ग्राम खरोरा के नया तालाब स्थित तिल्केश्वर महादेव मंदिर के जीर्णोद्धार अवसर पर 22 जुलाई को सुबह 9 से 2 बजे तक विविध आयोजन किए गए है। जानकारी देते हुए सुखनंदन धीवर ने बताया कि पं. पंकज तिवारी के मार्गदर्शन में पूजा एवं जलाभिषेक कार्यक्रम होगा। इसके अलावा भजन तथा रामायण का आयोजन संध्या बेला में किया गया है।

### जिला स्तरीय योग स्पर्धा का आयोजन

**महासमुंद**। जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता का आयोजन देव संस्कृति विद्यालय में हुआ। आयोजन में महासमुंद, बागबाहरा और पिथौरा विकासखंड के कुल 60 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। उत्कृष्ट खेल कौशल के आधार पर जिला टीम गठित किया गया, जो क्षेत्रीय खेलने के लिए राजिम गरियाबंद आगामी तिथि में जाएगी। उपरोक्त चयनित खिलाड़ियों को जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी अंजलि बरमाल, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी हिना ढालेन, देव संस्कृति के प्राचार्य कुबेर गिरी गोस्वामी आदि ने हर्ष जताया। प्रतियोगिता संपन्न कराने में मुख्य रूप से व्यायाम शिक्षक गणेश कोसरे, कामता साहू, सेवन दास मानिकपुरी, सुनील कुमार भोई, इमरान अली अंजनी साहू , डोलेश होता,वेद राम, अंजनी साहू, डोलेश होता, सलिल चौधरी, कामता प्रसाद साहू बागबाहरा, गुलाब नंद पिथौरा आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### मंगल पांडे की जयंती पर किया नमन

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में देश के क्रांतिकारी अमर शहीद मंगल पांडे की जयंती पर शत शत नमन किया गया। इस दौरान मितानिन कौशल्या चंद्राकर, मितानिन लता चंद्राकर, भारती चंद्राकर, शशि चंद्राकर, रूपेश चंद्राकर, भूषण चंद्राकर, मयंक चंद्राकर, कौशल्या चंद्राकर ने कहा कि मंगल पांडे ने अंग्रेजी शासन के अन्याय, अत्याचार एवं भेदभाव के विरुद्ध आवाज बुलंद करने वाले इस देशभक्त के बलिदान के प्रति राष्ट्र सदैव कृतज्ञ रहेगा तथा उनकी गौरवगाथा युवाओं को आंदोलित करती रहेगी। महान क्रांतिकारी मंगल पांडे ने भारत देश के लिए अपना एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

### नर्रा में उर्स मुबारक कल

**नर्रा।** ग्राम नर्रा में हर साल की तरह इस साल भी मुस्लिम जमात नर्रा द्वारा हजरत सैय्यद शहीद महमूद अली शाह (रअ.) पानी नर्रा शरीफ का उर्स पाक 21 जुलाई सोमवार को शानो शौकत के साथ मनाया जाएगा। पीर के बाद असर शाम साढ़े चार 4.30 बजे जुलुस निकाल कर गांव के मुख्य मांर्ग से होते हुए जुलुस दरगाह पहुंचेगी। बाद परचम कुशाई व संदल शरीफ और चादर पोछी की जाएगी। बाद नमाद मंगरिब तकरीर बाद तकरीर आम लंगर का आयोजन किया गया है।

### खाद, बीज की कमी पर बहाने बना रही सरकार

**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी के



जिला अध्यक्ष राकेश झाबक ने कहा कि छत्तीसगढ़ में लगभग सभी सोसाइटियों में खाद की कमी की निरंतरता से बनी हुई है, सरकार सिर्फ बहाने बना रही है। इस सम्बन्ध में 20 जून 2025 को आम आदमी पार्टी ने छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में सरकार को ज्ञापन सौंपा था और मांग की थी कि डीएपी, यूरिया और बीज की भारी कमी से राज्य के किसानों को भारी परेशानी हो रही है। आम आदमी पार्टी राज्य में किसानों को हो रही इन परेशानियों पर सरकार का विरोध करती है और यदि जल्द ही सरकार ने किसानों की परेशानियां दूर नहीं की तो आम आदमी पार्टी किसानों के साथ मिलकर सड़क पर उतरकर बड़ा आंदोलन करेगी।

# देवरी स्कूल में जूनियर रेडक्रास का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद




विकासखंड बागबाहरा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी में विद्यालय स्तर पर जूनियर रेडक्रॉस का गठन किया गया। विगत दिनों महासमुंद में तीन दिवसीय जिला स्तरीय जूनियर रेडक्रॉस काउंसिलर प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। इसमें विद्यालय के व्याख्याता परसराम सिन्हा शामिल हुए। जिला रेडक्रॉस द्वारा बागबाहरा विकासखंड के रेडक्रॉस सचिव के पद पर व्याख्याता परस राम सिन्हा को नियुक्त किया गया।

प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी में विद्यालय स्तर पर जूनियर रेडक्रॉस का गठन किया गया और रेडक्रॉस के स्वयं सेवकों को प्राथमिक चिकित्सा सहायता, पीड़ित के बेहोश होने की स्थिति में सहायता और पीड़ित के होश में होने की स्थिति में सहायता, जलने का उपचार, आग से बचाव का तरीका, सांप काटने पर प्राथमिक सहायता, अत्यधिक रक्त बहने की स्थिति में सहायता इत्यादि की जानकारी काउंसिलर परस राम सिन्हा ने दी।

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डोमन सिंह टंडन ने बताया कि रेडक्रॉस का गठन सेवा भावना के लिए हुआ है। शिविर के माध्यम से रक्तदान के लिए लोगों को जागरूक करना और स्वयं रक्तदान करना, विभिन्न जागरूकता रैली जैसे, नशा मुक्तभारत, मतदाता जागरूकता अभियान, स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम इत्यादि का आयोजन करना होता है।

कार्यक्रम में व्याख्यातागण संजय बारसागढ़े, कुलेश्वर सिंह ठाकुर, भोजराम ध्रुव, आशीष कुमार दीवान, नीलू सोनी, रवि प्रकाश पात्रे, बीएल टंडन, शिक्षक देवनारायण चंद्राकर, उदेश्याम यादव, मौसमी चंद्राकर, पुष्कर भारती, लीलाधर वर्मा, कार्यालयीन कर्मचारी हितेश साहू, रईस मिर्जा, कार्तिक राम यादव और रेडक्रॉस के सदस्यगण यामिनी यादव, फिजा ठाकुर, प्रमिला निषाद, रीना पटेल, धनेश्वरी सेन, भेष कुमारी साहू, मंदाकिनी वास, मंजुला यादव, ऐश्वर्या साहू, सुष्मिता पटेल, खेमा निषाद, दीक्षा देवांगन, सेजल यादव, पिंकी निषाद, संजना साहू, दीपिका देवांगन, गायत्री ठाकुर, गायत्री साहू, देवा, भूपेश कुमार सेन, लोकेश साहू, ओमप्रकाश साहू, धनेश निषाद, ताराचंद साहू, नेमेंद्र यादव सहित समस्त छात्र छात्राएं शामिल रहे।



### गायत्री गौशाला में महिला मंडल ने 55 फलदार एवं छायादार पौधों का किया रोपण

**महासमुंद।** शहर के समीपस्थ ग्राम ग्राम भलेसर स्थित वेदमाता गायत्री गौशाला परिसर में गायत्री शक्तिपीठ की महिला मंडल ने पौधरोपण किया। इस अवसर पर कुल 55 फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया। फलदार पौधों में आंवला, बादाम, बेल, कदंब, काजू, कटहल, आम, जामुन, नींबू, मौसंबी, अमरूद, रामफल आदि शामिल थे। साथ ही बरगद, पीपल, नीम, पारिजात, कचनार, गुड़हल, बौहार जैसे छायादार एवं औषधीय महत्व के पौधों का भी रोपण किया गया। विधिवत पूजन एवं सामूहिक साधना पश्चात पुनीत कार्य में पूर्णिमा साहू के साथ लक्ष्मी राहंगडाले, नीतू साहू, भगवती साहू, करुणा ध्रुव, शारदा प्रजापति, धनेश्वरी वर्मा, निशा चंद्राकर, चंद्रकला साहू, प्रेमलता साहू एवं कुंती यादव प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की सफलता में मीना नायक, रामकुमारी नागदेवे, धनीराम चक्रधारी एवं गौशाला प्रबंधक सीताराम सोनी का विशेष योगदान रहा। इस पौधरोपण कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, हरियाली संवर्धन एवं भावी पीढ़ी के लिए स्वच्छ जीवनदायिनी प्रकृति को संजोने का संदेश दिया गया।

### प्रधानमंत्री जल जीवन मिशन की उड़ाई जा रही धज्जियां

**महासमुंद।** बागबाहरा ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत तुपकबोरा के आश्रित ग्राम



मुड़ागांव में करोड़ों की लागत से केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत हर घर जल योजना असंभव नजर आ रहा है। लगभग चार वर्ष पूर्व खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव द्वारा भूमि पूजन कर कार्य की शुरुआत की गई, लेकिन अज्ञात ठेकेदार द्वारा अनियमितापूर्ण पाईप लाईन बिछाकर पानी टंकी का निर्माण तो कराया गया, लेकिन उसका हाल भी बहुत बुरा है। टंकी में अभी तक पाइप भी नई लगा, जो सीढ़ी बना हैं वैसे ही खुला छोड़ दिया गया है। वर्तमान उपसरपंच चंद्रकांत साहू व पीतांबर साहू ने बताया कि आस-पास के बच्चे खेलने के लिए किसी भी समय ऊपर चढ़ते रहते है। जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। जल संसाधन विभाग भी इस मामले का सुध नहीं ले रही है। गांव वालों ने कहा अगर कोई बड़ी दुर्घटना हुई या इस तरह से भ्रष्टाचार हुआ तो इसका जिम्मेदार कौन है। अगर इस मामले में अधिकारियों द्वारा तुरंत कार्रवाई नहीं की गईं तो ग्रामीणों ने कलेक्टर से शिकायत की बात कही है।

# संकुल डुमरडीह में विदाई, स्वागत एवं सम्मान समारोह का आयोजन, कार्यक्रम में जुटे शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला डुमरडीह, संकुल केंद्र-डुमरडीह विखं. बागबाहरा में संकुल स्तरीय विदाई, स्वागत एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत रूप से हुआ। सर्वप्रथम संकुल डुमरहीह के अंतर्गत आने वाली शालाओं में पूर्व में कार्यरत शिक्षकगण जो स्थानांतरण, युक्तियुक्तकरण के कारण अन्यत्र सेवा दे रहे है कृपा राम दीवान, भेख लाल सेन, खेमराज चंद्राकर, तोषण गिरि गोस्वामी, विनोद कुमार पांडे, चरण सिंह ध्रुव, महेंद्र कुमार बघेल, आसकरण साहू, प्रमोद कुमार चंद्राकर का स्वागत किया गया। तत्पश्चात संकुल डुमरडीह के अंतर्गत आने वाले विद्यालयों में आए नवीन शिक्षक चुनगू राम ध्रुव, पुनुराम सकरिया एवं प्रधानपाठक के रूप में सेवा दे रहे रज्जू लाल ध्रुव, अनिल साहू, भुनेश्वर सिन्हा, लक्ष्मीनारायण साहू, दीपक पटेल, चैतन्य चंद्राकर, यशवंत ठाकुर, लता बंजारे, उमेश कुमार दीवान, धनंजय चंद्राकर, पूनम ब्रम्हभट्ट एवं कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि जामीन ठाकुर जनपद सदस्य बागबाहरा, सुशीला अलख साहू सरपंच ग्राम पंचायत कुरूभांठा, मीरा नंद दीवान सरपंच ग्राम पंचायत आमाकोनी एवं सरपंच प्रतिनिधि अलख राम साहू एवं वरिष्ठ शिक्षकगण कुंभज राम यादव (पूर्व समन्वयक डुमरडीह), चुम्मन लाल जगत (संकुल समन्वयक खम्हरिया), मणी चक्रधारी (संकुल समन्वयक डुमरडीह), सोमनाथ साहू, गेशु साहू, परसराम सोनवानी का तिलक लगाकर, पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। श्रीफल, शाल, कलम एवं डायरी भेंटकर संकुल परिवार की ओर से सम्मानित किया गया। विद्यालय की छात्राओं ने अतिथियों के सम्मान में स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का समापन पर पौधरोपण भी किया गया। संकुल समन्वयक मणी चक्रधारी ने आभार व्यक्त किया। संचालन एवं प्रबंधन में यशवंत ठाकुर, मणी चक्रधारी, पूनम ब्रम्हभट्ट एवं उमेश कुमार दीवान की महती भूमिका रही।

### वेतन मांगने पर ड्राइवर से मारपीट

**महासमुंद।** वेतन मांगने पर पिकअप चलाने वाले ड्राइवर के साथ वाहन मालिक ने मारपीट कर दी। पुलिस को राजेश उर्फ सोनू साहू निवासीवार्ड नं 10 इमलीभाठा कि वह वर्तमान में भुनेश्वर साहू निवासी ग्राम भुरका के महिंद्र पिकअप वाहन क्रमांक सीजी06 जीवाय 6045 को चलाता है। काम करते हुए एक माह पूरा होने पर उसने अपना वेतन वाहन मालिक से मांगा। जिसने दो-तीन दिन तक टालमटोल किया और इसके बाद 16 जुलाई की रात लगभग 8.30 बजे महासमुंद में ओवर ब्रिज के पास काम पूरा कर पहुंचा तो वहां भुनेश्वर पहुंचा और उस दिन के काम का हिसाब पूछा। इसके बाद उसने अपना वेतन मांगां तब वाहन मालिक ने गाड़ी में रखे डंडे से उसके साथ मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# प्रदेश में पेसा कानून और एनजीटी के निर्देशों का पालन नहीं: डॉ.रश्मि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने छत्तीसगढ़ के सारे जंगल अडाणी को दे दिए हैं। पेसा कानून और एनजीटी के निर्देशों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। जंगलों को बर्बाद किया जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल विधानसभा में यह मुद्दा उठाने वाले थे, लेकिन उन्हें रोकने के लिए सुबह-सुबह ईडी ने छापा मार दिया। इतना ही नहीं उनके बेटे को भी गिरफ्तार कर लिया। बीते 11 वर्षों में देश अच्छी तरह समझ चुका है कि ये जनता की आवाज को कुचलने और विपक्ष को दबाने के तरीके हैं। लेकिन, ऐसे हथकंडों से सच को दबाना और विपक्ष को डराना नामुमकिन है।

चंद्राकर ने कहा है कि कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता बघेल के साथ मजबूती से खड़ा है। आगे डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार लोकतंत्र को कुचलने के लिए किस हद तक जा सकती है, इसका इससे बड़ा उदाहरण नहीं हो सकता। छत्तीसगढ़ की जनता अब इस सरकार से बुरी तरह त्रस्त हो चुकी है और भाजपा की साय सरकार छत्तीसगढ़ में विकास के नाम पर कुछ नहीं किया है। आज छत्तीसगढ़ के जनता का ध्यान भटकना के रणनीति के तहत कार्य कर रही है। यही वजह है कि कभी केंद्रीय मंत्रियों के काफिले को रोका जा रहा है, तो कभी उपमुख्यमंत्री की गाड़ियों को, सत्ता पक्ष के सांसदों तक को अब जनता का सामना करने में मुश्किल हो रही है, सरकार डराने की कोशिश कर रही है।

# सरस्वती शिशु मंदिर में निकाली गई कांवर यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद




स्थानीय भलेसर मार्ग पर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में बालिका शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय में कांवर यात्रा निकाली गई। विद्यालय के प्राचार्य देवराज वर्मा, प्रांतीय बालिका शिक्षा प्रभारी मनोज साहू एवं विद्यालय की बालिका शिक्षा प्रभारी दुर्गेशनंदनी चंद्राकर के नेतृत्व में विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा कांवर यात्रा निकाली गई। कांवर यात्रा विद्यालय से प्रारंभ होकर भलेसर मार्ग, शास्त्री चौक, बीटीआई रोड, जगत विहार कॉलोनी में स्थित जगतेशवर महादेव में छात्र-छात्राओं द्वारा जलाभिषेक किया गया। कांवर यात्रा छात्र-छात्राओं द्वारा मां पार्वती, भगवान शंकर, नंदी, शेर, भूत-पिसाच की वेशभूषा में भगवान शिव का भजन करते चल रे कांवरिया शिव के धाम बोल बम का नारा लगाते बोल बम का नारा है भोलेनाथ सहारा है की धुन में झूमते गाते निकाली गई। लगभग 300 छात्र-छात्राओं के लिए जगतेश्वर महादेव सेवा समिति एवं मातृ शक्ति द्वारा प्रसाद की व्यवस्था की गई। कांवर यात्रा जगतेश्वर महादेव से वापस विद्यालय में आकर संपन्न हुई। इस आयोजन को संपन्न कराने में विद्यालय के प्राचार्य देवराज वर्मा, वरिष्ठ आचार्य शिव कुमार कन्नौजे, बलराम सेन, अजीत राम साहू, किरण साहू, जगतेश्वर महादेव मंदिर के समिति के सदस्य भूपेंद्र चंद्राकर, प्रकाश चंद्राकर, मीनाक्षी चंद्राकर, उषा वर्मा, किरण चंद्राकर, हेमलता साहू, जया लोणारे, सुदेश कन्नौजे, धीरेंद्र लोणारे एवं विद्यालय के समस्त दीदी/आचार्यो का सहयोग सराहनीय रहा।

# खेत में काम कर रही महिलाओं के बीच पहुंची नालसा की टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली नालसा के मंशानुरूप जागृति योजना 2025 के तहत जमीनी स्तर पर न्याय जागरुकता एक अभियान के रूप में संचालित किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों को कानूनी जानकारी और सहायता प्रदान करना है ताकि, वे अपने अधिकारों को समझ सकें और न्याय प्राप्त कर सकें।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद की सचिव आफरीन बानो ने बताया कि नालसा के जागृति योजना-2025 के तहत छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के अध्यक्ष व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया के मार्गदर्शन पर जिला अथवा तालुका स्तर पर व्यापक रूप से प्रचार प्रसार किया जा रहा है।

ताकि, जागृति योजना 2025 के तहत जमीनी स्तर पर न्याय जागरूकता, सूचना और पारदर्शिता पहल कर समाज के कमजोर वर्गों को कानूनी जानकारी और सहायता प्रदान करना है। ताकि वे अपने अधिकारों को समझ सकें और न्याय प्राप्त कर सकें। इसी उद्देश्य से प्रबंध कार्यालय के अधिकार मित्र हरिचंद साहू तथा आरक्षी केंद्रों में पदस्थ सभी अधिकार मित्रों द्वारा वृहद रूप से नालसा की जागृति योजना 2025 का गांव, ग्राम पंचायतों, हाट बाजारों एवं खेतों में काम कर रहे खेतिहर किसानों एवं महिलाओं को उनके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में जानकारी दी जा रही है।

### प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आज

**महासमुंद।** प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ब्लाक द्वारा महासमुंद ब्लाक में संचालित निजी स्कूलों में अध्ययनरत दसवीं एवं बाहरवीं के बोर्ड परीक्षा 2024-25 में अपने विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान कार्यक्रम सरस्वती शिशु मंदिर महासमुंद में 20 जुलाई को दोपहर 1 बजे रखा गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के सचिव मोतीलाल जैन करेंगे। विशेष अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ बीज निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर तथा जिला प्राइवेट एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. जार्ज रावते उपस्थित रहेंगे। उक्त जानकारी ब्लाक अध्यक्ष माधव राव टांकसाले तथा महासचिव एमआर विश्वनाथन ने प्राइवेट संस्था के संचालक प्राचार्य एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं से अपील की है कि विद्यालय के छात्रो से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

# सलिहाभाठा प्राथमिक शाला में बाल कैबिनेट का किया गया गठन, रूखमणि बनी प्रधानमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



बच्चों में नेतृत्व क्षमता विकास एवं विभिन्न जिम्मेदारियों को परिस्थिति अनुसार निर्वहन करने की सीख के उद्देश्य से प्राथमिक शाला सलिहाभाठा में बाल कैबिनेट का गठन किया गया। बाल कैबिनेट में प्रधानमंत्री के रूप में कक्षा 5 की रूखमणी ध्रुव नियुक्त हुई। अन्य मंत्रियों में प्रियंका यादव, हिमांशी साहू उपप्रधानमंत्री, मुकेश ध्रुव शिक्षामंत्री, डुमेश्वर यादव पुस्तकालय मंत्री, राहुल यादव खेल मंत्री, तिरथ दीवान भोजन मंत्री, तन्मय निर्मलकर सांस्कृतिक मंत्री, इंद्राणी यादव जल मंत्री, स्वच्छता एवं सफाई मंत्री डालिमा ध्रुव, स्वास्थ्य मंत्री रेशमी साहू, पर्यावरण मंत्री दामनी ध्रुव, कैबिनेट बैठकों का दस्तावेजीकरण के लिए कैबिनेट सचिव थनेश्वर साहू की नियुक्ति हुई।कक्षा नायक के रूप में रूखमणी कक्षा 5, हिमांशी कक्षा 4, मीरा कक्षा 3, शिवांश कक्षा 2 और मानवी कक्षा 1 का चयन किया गया। चयन पश्चात सभी का गुलाल लगाकर बच्चों द्वारा स्वागत किया गया। विभिन्न कार्यक्रमों में संचालन के लिए सांस्कृतिक मंत्री के साथ ही प्रियंका, काव्या सिन्हा, खुशबू दीवान, राखी साहू को संचालक की जिम्मेदारी दी गई। संचालन प्रभारी शिक्षक रामेश्वर ढीढी होंगे। इसके बाद प्रधानपाठक और बाल कैबिनेट प्रभारी योगेश निर्मलकर द्वारा चयनित सभी सदस्यों को दायित्व निर्वहन और सहयोग के लिए शपथ दिलाया गया। सभी बच्चे अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन अपने सहयोगियों के साथ मिलकर करेंगे। महीने में कम से कम दो बाल-कैबिनेट बैठकें किया जाना है जिसमें बच्चों के विभिन्न गतिविधियों और व्यवस्था से संबंधित निर्णय लिए जाएंगे।

### खूबचंद बघेल की जयंती पर किया याद

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में छत्तीसगढ़ के स्वतंत्रता संग्राम




सेनानी समाज सुधारक एवं छत्तीसगढ़ माटी पुत्र डॉ खूबचंद बघेल की जयंती पर नमन किया गया। मुकेश चंद्राकर ने कहा कि खूबचंद बघेल ने छत्तीसगढ़ के किसान-मजदूर हितैषी और रचनात्मक गतिविधियों से जुड़कर जीवन के अंतिम समय तक छत्तीसगढ़ की सेवा करते रहे। उन्होंने अपना पूरा जीवन छत्तीसगढ़ के हितचिंतन में लगा दिया। खूबचंद ने अपने विचार मूल्यों से छत्तीसगढ़ को एक नई दिशा दी, जिससे हमारा राज्य आज भी प्रेरणा ले रहा है। समाज सुधारक, संवेदनशील साहित्यकार और कुशल चिकित्सक के रूप में उन्होंने समाज के लिए बेहतरीन कार्य किया। साहित्य सृजन, लोकमंचीय प्रस्तुति तथा बोल-चाल में वे छत्तीसगढ़ी के पक्षधर थे। वे छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के प्रथम स्वप्नदृष्टा के रूप में भी जाने जाते हैं।

## स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी कॉलेज में हुई समीक्षा बैठक

# कॉलेज में स्नातक प्रथम वर्ष की प्रवेश प्रक्रिया जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



छग शासन उच्च शिक्षा विभाग तथा पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार प्राचार्य डॉ. अनुसुइया अग्रवाल की अध्यक्षता में स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय में प्रवेश संबंधी समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें प्रवेश के इच्छुक पालकों के सवालों का समाधान भी किया गया।

प्राचार्य ने सभी विभागाध्यक्षों तथा कार्यालय सहायकों को निर्देशित किया कि सत्र 2025-26 के लिए स्नातक प्रथम वर्ष की प्रवेश प्रक्रिया जारी है। जिसके लिए विश्वविद्यालय के वेबसाइट में ऑनलाइन आवेदन करने के उपरांत उन्हें एसबीआई कलेक्ट के शुल्क पोर्टल में ऑनलाइन शुल्क जमा करना होता है। महाविद्यालय में स्नातक प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिए महाविद्यालय में बीकॉम में कुल 90 सीट, बीए में कुल 60 सीट, बीएससी गणित में कुल 60 सीट एवं बीएससी कंप्यूटर साइंस में कुल 60 सीट सीटें हैं। 19 जुलाई 2025 तक प्रवेश के लिए तीन सूचियां जारी हो चुकी हैं। प्रवेश प्रभारी रवि देवांगन ने जानकारी दी कि महाविद्यालय में बीकॉम में 45, बीए में 01, बीएससी गणित में 04 तथा बीएससी कंप्यूटर साइंस में 20 विद्यार्थियों ने अब तक प्रवेश ले लिया है।

उन्होंने बताया कि तृतीय चरण में जारी सूची के अनुसार 25 जुलाई तक विद्यार्थी प्रवेश ले सकेंगे। 25 जुलाई को वरीयता सूचियां में प्रवेश नहीं ले सके विद्यार्थी तथा प्रतीक्षा सूची के सभी विद्यार्थी ओपन काउंसिलिंग के तहत महाविद्यालय की रिक्त स्थान सभी वर्गों के लिए खोल दिया जाएगा। प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश की इच्छुक विद्यार्थियों को ऑनलाइन शुल्क के अलावा ऑफलाइन तरीके से भी नामांकन शुल्क 150 रुपए, शारीरिक शिक्षण शुल्क 50 रुपए, ऑनलाइन प्रोसेसिंग शुल्क 50 रुपए, तथा अप्रवासन शुल्क 360 रुपए जमा करना होता है। समीक्षा बैठक में महाविद्यालय वाणिज्य संकाय प्रवेश प्रभारी तरुण कुमार बांधे, विज्ञान संकाय प्रवेश प्रभारी रवि देवांगन, कला संकाय प्रवेश प्रभारी प्रतिमा चंद्राकर, कार्यालय प्रभारी जगतारण दास बघेल, कार्यालय सहायक शेषनारायण साहू तथा डाटा एंट्री ऑपरेटर नानक साहू उपस्थित थे।

